




# विधायक ने निर्माण एजेंसी को लगाई फटकार

## बीएमसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा विस्तार : 10 हाईटेक मॉड्यूलर ओटी के साथ तैयार होगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े स्तर पर स्वास्थ्य अधोसंरचना विकसित की जा रही है.**

मेडिकल कॉलेज परिसर में 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का निर्माण तेजी से चल रहा है. अस्पताल में 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर स्थापित करने की योजना पर भी काम शुरू हो गया है. परियोजना पूरी होने के बाद बीएमसी में गंभीर मरीजों के इलाज और सर्जरी की व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी. करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नए हेल्थ



ब्लॉक का निर्माण लगभग 60 हजार वर्गफुट क्षेत्र में किया जा रहा है. भवन में गंभीर रोगियों के उपचार के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. वहीं हाईटेक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और अत्याधुनिक उपकरणों के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा 15 करोड़ रुपये का अलग प्रस्ताव शासन को भेजा गया है. विधायक शैलेंद्र जैन ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के समय विधायक श्री जैन कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए. फायर फाइटिंग सिस्टम की ड्राइंग और डिजाइन तैयार होने में हो रही देरी को लेकर भी विधायक ने असंतोष जताया. उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता से फोन पर चर्चा कर आवश्यक तकनीकी ड्राइंग तत्काल उपलब्ध कराने को कहा, ताकि निर्माण कार्य प्रभावित न हो. विधायक श्रीजैन ने कहा कि वर्तमान में बीएमसी में ऑपरेशन थिएटर सीमित होने के कारण मरीजों को सर्जरी के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है, कई बार मरीजों को अन्य शहरों का रुख भी करना पड़ता है. 10 नए मॉड्यूलर ओटी शुरू होने के बाद एक साथ अधिक सर्जरी की जा सकेंगी, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा. उन्होंने कहा कि नई सुविधाओं के शुरू होने से न केवल सागर बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी. आधुनिक तकनीक से लैस ऑपरेशन थिएटर चिकित्सकों को भी बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेंगे, जिससे जटिल ऑपरेशन अधिक सुरक्षित और प्रभावी तरीके से किए जा सकेंगे. इस दौरान बीएमसी अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर, अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश जैन और सहायक अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह सहित बीएमसी के अधिकारी, डॉक्टर सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे.

# विवि में भौतिकी विभाग की संगोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में टेक्नोलॉजीकल एडवांसमेंट एंड इनोवेशन विषय पर स्वर्ण जयंती सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई.**

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं जैसे फंडामेंटल मटेरियल्स, एडवांस मटेरियल्स, एनर्जी स्टोरेज एंड कन्वर्ज़न मटेरियल्स, हेल्थकेयर, इंडस्ट्री एप्लिकेशन, सेंसर्स, सस्टेनेबल मटेरियल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेषज्ञों द्वारा मार्ग दर्शन किया गया. कुलपति प्रो. वाई.एस.ठाकुर द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की. मुख्य अतिथि प्रो. रविन्द्र कुमार पांडे मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा उद्बोधन में मटेरियल



को नैनों स्केल लेब पर कैसे सेमुलेशन एवं मॉडलिंग की जाती है और उसे कैसे प्रायोगिकीय के डाटा को मिलाया जाता है. प्रो. आशीष वर्मा एवं डॉ. अभिषेक बंशल द्वारा भी ए.आई एवं एमबेडेड सिसस्टम पर व्याख्यान दिया गया.

समापन समारोह में प्रो. डी.के. नेमा, डीन, स्टूडेन्ट अफेयर्स द्वारा किया गया. प्रो. अशोक सिंह द्वारा पृथ्वी के गर्त से कैसे ऑयल गैस एवं खनिज को खोजना एवं निकालने पर व्यख्यान कर विजेताओं को पुरूस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्य किया. इस कार्यक्रम में हुए प्रो. दीपक व्यास, प्रो. विजय वर्मा, प्रो. श्वेता यादव डायरेक्टर, रिसर्च एवं डिवलपमेन्ट, डॉ. के.बी. जोशी , प्रो. ए.के.सिंह, प्रो. नेत्रपाल सिंह, डॉ. रेखा गर्ग सोलंकी, डॉ. संध्या पटेल, डॉ. महेश्वर पांडा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. अनुपमा चन्दा, डॉ. शिवा सिंह, डॉ.आशीष कुमार, डॉ. शिखा रानी साहू, डॉ. सोनू कुमार, डॉ. धनंजय कुमार गौर एवं छात्र-छात्राऐं सम्मिलित हुए.

# शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. जनगणना महाअभियान के अंतर्गत चल रहे मकान गणना कार्य में अनुपस्थित रहने, निर्देशों का अनुपालन करने, कार्य में शिथिलता एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रगति न देने पर तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.**

संबंधित शिक्षकों से एक दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है. जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. शिक्षकों में रघुराज गौड शिक्षक प्राथमिक शाला जुझारपुरा तहसील बांदरी, नीलेश कुमार जैन माध्यमिक शिक्षक मॉडल उ.मा.वि.बंडा, बलराम शाक्य शिक्षक प्राथमिक शाला बेलाखेड़ा तहसील बांदरी शामिल है. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्पष्ट किया है कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य प्राथमिकता पर है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने समस्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि आवंटित एचएलबी का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न करें.

# फूल बंगला बनेगा

**सागर.** शनि जयंती 16 मई शनिवार को पड़ रही है. रामसरोज समूह के सदस्यों बबीता संजीव केसरवानी, गीता शैलेश केसरवानी एवं श्वेता अखिलेश मोनी केसरवानी ने बताया कि 16 मई को अमावस्या के दिन कबूला पुल स्थित श्री शनि देव मंदिर को फूलों और गुब्बारे से सजाया जावेगा, फूल बंगला बनाया जावेगा. शनिदेव भगवान सूर्य और उनकी पत्नी छाया के पुत्र हैं.

शनि जयंती के दिन शनि मंदिरों में जाकर उनका दर्शन करना अति शुभ होता है. शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए सरसों का तेल, नीले रंग के पुष्प, काली उड़द, तिल और काले वस्त्र जैसी वस्तुएं का भोग लगाया जाता है.

# इलेक्ट्रिक वाहन से किया वार्डों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत दैनिक निरीक्षण के स्वरूप में परिवर्तन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग निरीक्षण के दौरान करने का निर्णय लिया.**

उन्होंने इलेक्ट्रिक स्कूटर चलाकर और निगम के इंजीनियर्स, जोन प्रभारी, दरोगा, सफाईमित्र आदि नगर निगम अमले ने ई-रिक्शा में बैठकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया. उन्होंने लक्ष्मीपुरा, पुरव्याऊ



वार्ड, काकागंज वार्ड, पंतनगर वार्ड होते हुए महलवार देवी मंदिर के पास बने सार्वजनिक शौचालय मॉर्डन जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया. इस मॉर्डन जन सुविधा केंद्र में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं और उनकी गुणवत्ता को स्वयं परखा. उन्होंने यहां बने यूरिनल्स में लगी नल टोंटी चालूकर पानी की उपलब्धता व सप्लाई का निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित सभी प्रकार की सुविधाएं पाकर सभी शौचालयों को इस प्रकार व्यवस्थित और नागरिक उपयोग अनुकूल बनाये रखने के निर्देश दिये. निगमायुक्त श्री खत्री ने संजय ड्राइव रोड पर छोटी झील किनारे निर्माणाधीन घाट पर पहुंचकर निर्माणकार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि शहर के एक बड़े ब्लैक स्पॉट को समाप्त कर बनाया जा रहा यह घाट छोटी झील को प्रसिद्धि दिलाएगा.

# सिंघई परिवार का तीसरा देहदान



नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. नेत्रदानी देहदानी स्व. इंजी प्रकाशचंद्र सिंघई की धर्मपत्नी श्रीमती किरण सिंघई का निधन हो गया.**

श्रीमती सिंघई के नेत्रदान व देहदान के संकल्प को परिजनों द्वारा पूर्ण किया गया व बीएमसी के नेत्ररोग विभाग की कंसल्टेंट डा. रोशी जैन को नेत्रदान कराने सूचित किया गया तत्काल नेत्ररोग प्रत्यार्पण की टीम डॉ. पूर्वा, डॉ. आयुषी मोदी, डॉ नियति रजक, डॉ. सौम्या, चेतना शुक्ला द्वारा नेत्रदान निवास पर ही कराए गए. उनका देहदान गॉड आफ आनर के साथ किया गया. इस परिवार द्वारा तीसरा देहदान किया गया है.

# नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में युकां का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट यू.जी के पेपर लीक और वरती गई अनियमितताओं के विरोध में जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में युवा कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी की अगवाई में गर्ल्स कॉलेज चौराहें के समीप विरोध प्रदर्शन किया.**

पूर्व मंत्री श्री चौधरी नें कहा कि पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है. छात्रों और अभिभावकों के सपनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा.



श्री जाटव ने कहा कि पेपर लीक माफिया बच्चों की उम्मीदों को तोड़ने का काम कर रहे हैं. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि बार-बार हो रहे पेपर लीक यह साबित करते हैं कि परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है. प्रदर्शन में एड.निखिल चौकसें, राहुल चौबे, सागर साहू, रोहित वर्मा, एड.प्रणव प्रताप सिंह, राकेश राय, रमाकांत यादव, सिंटू कटारे, पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, रवि उमाहिया, देवेंद्र कुर्मी, मार्शल खान, अरविंद पंथी, रिचा सिंह, रवि सोनी, आईएम खान, राजेश श्रीवास मौजूद थे.

# जनसुनवाई में पहुंची नप अध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 13 मई. नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राधा खटीक एवं सभी पार्षद आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से सीएमओ विनय मिश्रा की शिकायत लेकर पहुंचे एवं शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई.**

शाहगढ़ नगर पालिका की अध्यक्षा ने सीएमओ पर आरोप लगाए कि वे किसी की नहीं मानते और न किसी अध्यक्ष या जनप्रतिनिधि से तालमेल बना कर कार्य करते हैं. जिसके कारण शाहगढ नगर के विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे है.लेकिन कार्यवाही नहीं होने पर नगरपरिषद अध्यक्ष पार्षदों के साथ बाहर गेट पर बैठ गईं.

# शिविर में समस्याओं का त्वरित समाधान

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. नगर निगम द्वारा संचालित आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल शिविर का 16वां आयोजन पंतनगर एवं काकागंज वार्ड में आयोजित किया गया.**

शिविर में वार्डवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया. साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की गई. इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा पहली



बार शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान सीधे उनके वार्डों में किया जा रहा है. शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों की महापौर द्वारा समीक्षा कर संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जा रहा है. इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, प्रदेश भाजपा पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, राजकुमार पटेल, भरत अहिरवार, रुबी पटेल, नीरज गोलू कोरी, संजय तिवारी आदि मौजूद थे.



# आपदा प्रबंधन कोर्स का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. विशेष पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक पीटीएस लवली सोनी के मार्गदर्शन में अराजपत्रित अधिकारियों हेतु आयोजित दो दिवसीय आपदा प्रबंधन कोर्स संपन्न हुआ.**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग एसव्हीएन विश्वविद्यालय के श्री ए.के. सिंह और उनकी टीम ने आपदाओं के प्रकार, फायर सेफ्टी और बुनियादी प्रबंधन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक दुबे द्वारा सीपीआर और जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. एसडीआरएफ की प्लाटून कमांडर श्रीमती समीक्षा श्रीधर एवं उनकी टीम ने संकट के समय घायलों को सुरक्षित निकालने की विभिन्न तकनीकों तात्कालिक स्ट्रेचर बनाने और जल आपदा के दौरान स्थानीय संसाधनों से तात्कालिक फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने का जीवंत प्रदर्शन किया.निरीक्षक अफरोज खान ने आभार माना.

# ओलंपियाड में प्रथम रैंक

**ललितपुर.** विदुआ कॉलोनी निवासी प्रतिभाशाली छात्र ग्रंथ



जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओलंपियाड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रैंक हासिल की. ग्रंथ जैन, माता प्रतिभा जैन के पुत्र हैं, जो प्राथमिक विद्यालय मसौराकलां (इंग्लिश मीडियम) में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं. ग्रंथ ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल कर ललितपुर का नाम रोशन किया है. इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में झांसी स्थित दीनदयाल सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधिकारियों, अतिथियों ने ग्रंथ जैन को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा 3100 रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया.

# उपार्जन प्रक्रिया में लापरवाही : भुगतान में देरी और परिवहन प्रबंधन पर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में जारी उपार्जन प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक के दौरान उन्होंने परिवहन, भुगतान और भंडारण प्रबंधन में आ रही समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के प्रति कड़ा रुख अपनाया. समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एसी नोट कम जारी होने और किसानों के भुगतान में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनाज गोदाम में पहुंचने के बाद 24 घंटे के भीतर डब्लू एच आर और एक्सेप्टेंस नोट बन जाना चाहिए जिससे किसानों को समय



पर भुगतान हो सके. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि निर्धारित समय सीमा के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की तय की जाएगी.कलेक्टर ने निर्देश दिये कि खरीद और भुगतान के बीच के अंतर को तत्काल कम किया जाए. उपार्जन केंद्रों से अनाज के उठाव में तेजी लाने के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने और पर जोर दिया गया. समितियों के पास लंबित स्टॉक की समीक्षा करते हुए उन्होंने बॉटम 5 गोदाम प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, जहाँ कार्य संतोषजनक नहीं है. कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि उपार्जन कार्य शासन की प्राथमिकता में है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा.

# कॉलेज टीम की स्कूलों में दस्तक



नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, की टीम डॉ. संगीता कुंभारे, डॉ. संदीप सबलोक एवं डॉ सुनील प्रजापति के दल ने शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय का दौरा किया.**

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक शिवचरण अहिरवार एवं श्रीमती कविता शर्मा के साथ समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया. इसके पश्चात टीम स्वीडिश मिशन स्कूल पहुँची, जहाँ प्राचार्य आर.ए.के. सिंह के सहयोग से शिक्षकों और पालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई. इस दौरान प्राध्यापकों ने 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध अत्याधुनिक संसाधनों के बारे में जानकारी दी. अभिभावक निशा उसरेठे ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रवेश प्रक्रिया और छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में जिज्ञासाएँ रखी.

# मेडिकल कॉलेज में जातिगत उत्पीड़न का आरोप

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 मई. स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर एक बार फिर गंभीर विवादों के केन्द्र में आ गया है.**

मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. घनश्याम अहिरवार ने कार्यस्थल पर जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और प्रशासनिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत दर्ज कराई है. मामले को गंभीर मानते हुए आयोग ने संज्ञान लिया है और महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ से 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है. शिकायतकर्ता डा. घनश्याम अहिरवार, जो मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में तैनात हैं, ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी नियुक्ति के बाद से विभागाध्यक्ष द्वारा लगातार जातिगत पूर्वाग्रह के चलते मानसिक, व्यावसायिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है.

उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षण कार्य में लगातार बाधाएं उत्पन्न की गईं, चिकित्सा अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया और वार्षिक गोपनीय आख्या सहित कई प्रशासनिक मामलों में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अन्य कर्मचारियों को मिलने वाली प्रशासनिक सुविधाएं उन्हें समान रूप से उपलब्ध नहीं कराई गईं, जिससे उनके कार्य करने का माहौल प्रभावित हुआ. डा.अहिरवार का कहना है कि छात्रों के बीच भी उनकी जाति को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे उनकी पेशेवर गरिमा प्रभावित हुई. आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस के बाद प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

**समापन** | मातृदिवस पर हुआ समर कैंप का समापन

# पेंटिंग आर्ट डांस के माध्यम से बच्चों ने व्यक्त की भावनाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 13 मई. अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल विकास सभा के तत्वावधान में आयोजित समर कैंप का मातृदिवस पर समापन हुआ.**

समर कैंप में सम्मिलित बच्चों ने पेंटिंग एवं डांस के माध्यम से मां के प्रति भावनाएं व्यक्त की. मुख्य अतिथि के रूप मे सुष्मिता ठाकुर, आशीष अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार भीमसरिया उपस्थित




रहे. अध्यक्षता आलोक अग्रवाल ने की. समर कैंप में सम्मिलित बच्चों ने भी मातृदिवस के अवसर पर पेंटिंग, कविता एवं डांस के द्वारा भावनाएं व्यक्त करी. समर कैंप की संयोजक अग्रवाल महासभा की संभागीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल एवं महिला मंडल उपाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने बताया कि समर कैंप में गोंड़ पेंटिंग आर्ट, वैदिक गणित, जुम्बा योगा एवं फायरलेस कुकिंग का प्रशिक्षण दिया गया. विशिष्ट अतिथि एवं गोंड पेंटिंग की प्रशिक्षक सुष्मिता ठाकुर ने कहा कि शिविर से बच्चों में कलात्मक दक्षता के विकास के साथ साथ सामूहिक सहभागिता का भाव निर्मित होता है, युवा अग्रवाल महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि बच्चों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, समयबद्धता और परिवार से निकलकर समाजवाद का भाव जागृत करने में यह समर कैंप उपयोगी साबित हो रहा है. रीति अग्रवाल ने कहा कि आयोजन से बच्चों में एक साथ मिलजुल सीखने की रूचि जागृत होती है.

समर कैंप का प्रतिवेदन सुनीता अग्रवाल ने प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन सचिव मोहन अग्रवाल एवं आभार गीतेश अग्रवाल ने माना. कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए.